सार-समाचार

उद्यमियों ने ज्ञानचन्द्र को विदाई दी

जालोर, (कासं)। ग्रेनाईट एसोसिएशन जालोर की ओर से सोमवार को पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ग्रेनाईट एसोसिएशन अध्यक्ष राजू चौधरी ने अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द यादव के कार्यकाल की सराहना की एवं उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने ग्रेनाईट एसोसिएषन को स्वागत के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि ग्रेनाईट एसोसिएशन जालोर समाजसेवा, शहर के विकास एवं शांति के लिए हमेशा अपना योगदान दे रही है। उन्होंने अपील कि सभी को कोशिश करनी चाहिए की अपनी आने वाली पीढी हमेशा नशामुक्त रहे एवं साईबर क्राईम को रोकने के लिए कहा कि डिजीटल पेमेंट करने वालों को सावधान एवं सचेत रहना चाहिए एवं प्रलोभन में नहीं पडना चाहिए। ग्रेनाईट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश परमार एवं सुरेश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव सरल स्वभाव के धनी है एवं उन्होंने जिले में नशामुक्ति का अभियान चलाया, जो अत्यंत सराहनीय रहा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम एवं सी.आई अरविन्द राजपुरोहित का भी स्वागत किया गया।इस अवसर पर ग्रेनाईट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू चौधरी, उपाध्यक्ष प्रकाश परमार, तरूण अग्रवाल, सुरेश चौधरी एवं सचिव हेमेन्द्र भण्डारी, कोशाध्यक्ष दामोदर भूतडा एवं सहसचिव पारसमल सुथार, चन्द्राराम कुमावत एवं ग्रेनाईट उद्यमी भंवरसिंह चौधरी, रामनिवास चौधरी, आनन्द खत्री, मदनलाल माली, रामप्रकाश चौधरी ,सत्यनारायण राङ्गी, नन्दकिशोर जेठलिया ,प्रहलाद मिठारवाल, श्रीकांत भूतडा, रामलाल चौधरी, सुभाष चौधरी आदि अनेक उद्यमी उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया

जालोर, (कासं)। हरियाळो राजस्थान अभियान के अंतर्गत सुबोध क्लासेस के विद्यार्थियों ने आज सिरे मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित कनकाचल पर्वत पर अपनी मां के नाम एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस विशेष आयोजन में संस्थान के निदेशक किशोर राजपुरोहित, कला संकाय प्रमुख अमित पंडित सर तथा अंग्रेजी प्राध्यापक वशिष्ठ परमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। राजपुरोहित ने बताया कि पेड हमें केवल शुद्ध हवा फल एवं फूल भी नहीं देते बल्कि एक जीवन जीने की राह भी दिखाते हैं पेड हमारे जीवन में नई उमंग एवं ऊर्जा का संचार करते हैं कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और प्रकृति के साथ भावनात्मक संबंध स्थापित करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के माध्यम से अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाकर संकल्प लिया कि वे न केवल पेडों की देखभाल करेंगे, बल्कि पर्यावरण को संरक्षित रखने का दायित्व भी निभाएंगे। कार्यक्रम के अंत में निदेशक किशोर राजपुरोहित ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा वृक्ष लगाना केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक संस्कार है, जिसे हमें आने वाली पीढयों के लिए निभाना होगा।

बजरी डंपर ने दो गोवंश को कुचला

जोधपुर, (कासं) । शहर में अवैध बजरी डंपर तो काल कल्वित बन रही रहे है, मगर अब रॉयल्टी कटने के बाद वैध डंपरों को भी चालक भगाने के चक्कर में जानलेवा साबित हो रहे है। रॉयल्टी रसीद कटने के बाद एक ही रसीद से कई बार फेरों के चक्कर में ग्रामीण एरिया में जानलेवा बने हुए है। सोमवार की सुबह लूणी तहसील के भाचरणा गांव में ऐसा ही एक वाक्या हो गया। बजरी से भरा डंपर दो गोवंश को कुचल कर निकल गया। इस बात को लेकर ग्रामीणों में भी आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस विभाग द्वारा बार-बार डंपरों के चालान व सीज की कार्रवाई करने के बावजूद एक ही रायल्टी रसीद पर एक से अधिक चक्कर लगाने के लालच में डंपर चालक ओवर स्पीड से डंपर चला रहे हैं जिस कारण रोजना गोवंश व आमजन के लिए खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस विभाग द्वारा खनिज विभाग व लीज धारकों को लिखित में भी कई बार अवगत करवाया जा चुका है उसके बावजूद भी खनिज विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। पशु मालिकों द्वारा भी अपने पशुओं को रिफ्लेक्टर लगाकर छोड़ा जा रहा है। मगर उसके बावजूद डंपर चालक उन्हें अनदेखा कर निकलते है। आज हुई गोवंश की मौत इसका ही नतीजा है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से डंपर चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

राजसुगम संस्थान ने पौधे बांटे

जालोर, (कासं)। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण को लेकर राजसुगम सेवा संस्थान की ओर से महिलाओं को पौधे वितरित कर उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। संस्थान की ओर से शांतिनगार में आयोजित कार्यक्रम में मोहल्ले की महिलाओं को विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार, फूलदार एवं औषधीय महत्व के पौधों का वितरण किया। इस दौरान संस्थान की सचिव रविना कुमारी ने कहा कि शुद्ध हवा के लिए एवं पर्यावरण प्रदूषण कम करने में पेड़ पौधे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को हर साल अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी अच्छे तरीके से देखभाल बडा करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस दौरान महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर महिलाओं को कनेर, गुलमोहर, आंवला, पत्थरचट्टा, इमली, शीशम, करंज, जामफल आदि विभिन्न प्रजातियों के 60 पौधे वितरित किए गए। इस दौरान वोलेंटियर संगीता कुमारी, कमलादेवी, हुआदेवी, सुकी देवी, सुंदर देवी, मतरादेवी, कोकूदेवी, रेखा देवी, नीतू, गुडिया, हरिश कुमार, भरत कुमार, वर्षा, देवी, लक्ष्मी, शोभा, मनादेवी, सहित मोहल्ले की कई महिलाएं व पुरूष मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा

जोधपुर,(कासं)। झालावाड़ जिले के पीपलोदी (मनोहरथाना) क्षेत्र में स्कूल भवन की छत गिरने से हुए दर्दनाक हादसे में बच्चों की मृत्यु और घायल होने की घटना को लेकर जोधपुर देहात जिला युवा कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से इस्तीफे सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। देहात युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पुखराज दिवराया ने बातया कि कलेक्टर के मार्फत मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग के साथ ही राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की और चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आगे और उग्र आंदोलन किए जाएंगे।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की बैठक हुई

पाली, (नि.सं.)। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की मीटिंग आज सोमवार को स्थानीय विधालय कृष्ण विद्या मंदिर सोमनाथ भैरूघाट मार्ग, पाली में आयोजित की गई। समाज के सचिव पंकज दुबे ने बताया कि समाज द्वारा महादेव जी का अभिषेक में भाग लेने हेतु सम्पर्क किया जा रहा है। समाज के अध्यक्ष जयशंकर त्रिवेदी ने श्रावण मास में वृक्षारोपण कार्यक्रम करके हम एक पेड़ मां के नाम से लगातार समाज व राष्ट्र सेवा में सहयोग कर सकते है। समाज बंधुओं ने सहमति देकर रविवार को भादरिया नाड़ी में वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा जायेगा। मीटिंग में रमाकांत मिश्रा, अरविंद चतुर्वेदी ,पवन पांडेय, जगदीश दुबे, अशोक पाण्डे ,किशोर पाण्डे ,जितेन्द्र चतुर्वेदी , मयंक तिवारी आदि समाज बंधु उपस्थिति रहें।

नांदड़ी करणी माताजी मंदिर में चोरी

जोधपुर, (कासं) । शहर के निकटवर्ती नांदड़ी क्षेत्र में बसी करणी कॉलोनी में स्थित करणी माताजी मंदिर में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से दानपेटी, चांदी के छत्र और काबा आदि सामान चोरी कर ले गए। पुजारी को इसका पता लगने पर अब बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी गई है। करणी कॉलोनी नांदड़ी निवासी विक्रम सिंह पुत्र भगवत सिंह चारण ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 26 जुलाई की रात्रि के समय कॉलोनी में ही बने करणी माताजी के मंदिर में सैंधमारी करके नकबजन वहां माताजी की मूर्ति पर लगे चांदी के छत्र, चांदी के काबा (चूहे) आदि को चुराकर ले गए।

सम्मान समारोह 1 को

जालोर, (का.सं.)। नीति आयोग भारत सरकार के निर्देशानुसार सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह 1 अगस्त को जालोर क्लब में एवं ''वोकल फॉर लोकल'' के तहत 'आकांक्षा हाट' का शुभारंभ 2 अगस्त को भगतसिंह स्टेडियम जालोर में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने सम्पूर्ण अभियान सम्मान समारोह व आकांक्षा हाट के शुभारंभ के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएँ सौंपते हुए परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मंदिरों में गूंजे हर हर महादेव के जैकारे, श्रद्धालुओं की भीड़ रही

जोधपुर, (कासं)। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को आज सावन माह के शहर के शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। अलग अलग तरीकों से भगवान भोलेनाथ के अभिषेक किए गए। जल से लेकर पंचामृत तक अभिषेक हुए। मंदिरों से हर हर महादेव के जैकारे गूंजे।

सुबह से ही वेद पंडितों की तरफ से रूद्री पाठ का सिलसिला शुरू हो गया। भगवान भोलेनाथ फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया । भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए दूध, दही, घी,शक्कर, मधु, गन्ने के रस से अभिषेक किया गया। शहर के अचलनाथ महादेव मंदिर, पब्लिक शिव मंदिर, रातानाडा शिवमंदिर, जागेश्वर नाथ, गोल बिल्डिंग स्थित जबरेश्वर नाथ, सिद्धनाथ महादेव मंदिर सहित कई शिवमंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ बनी रही। आज भी शिवभक्तों ने व्रतोपवास रखा है। शिवलिंग पर चंदन लेप, भांग, बेलपत्र, आक, धतूरा, सुगंधित पुष्प आदि अर्पित किए गए है। रूदीपाठ से शिवालयों भोले के जैकारे गूंजते रहे।

पाली संवाददाता के अनुसार : मंदिरों में ओम नमः शिवाय के जयकारे गूंजे, सुबह से ही शिव भक्तों द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए होड लगी हुई थी। पाली शहर के हृदय स्थल सोमनाथ महादेव मंदिर में सुबह 5 बजे से ही भक्तों की लाइन लगने शुरू हुई जो देर तक चला। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर आक, धतूरा, पुष्प जल, दूध अर्पित किया। सुबह शाम अजमेर से मंगाए विशेष फूलों से श्रृंगार किया गया। इसी प्रकार लखोटिया महादेव का भी विशेष श्रृंगार किया गया। मौसम अच्छा होने के कारण लखोटिया उद्यान में दिन भर मेला सा लगा रहा। भूतनाथ, तारकेश्वर रामेश्वर, रत्नेश्वर, अमलेश्वर, नीलकंठ पंचमुखी महादेव,, नहर चौराहा स्थित अटल महादेव, जबरेश्वर महादेव, मानपुरा भाकरी में शिव भगवान के दर्शन किए। वही शाम को आरती के वक्त जबरदस्त भीड़ उमड़ी। परशुराम महादेव, निंबाड़ा नाथ मंदिर, सालेश्वरम महादेव भी श्रद्धालु पहुंचे।

मंगलवार को बागरमोहला स्थित बागेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक और जोधपुर से आए भजन कलाकार द्वारा भजनों की सरिता बहैगी जिसकी तैयारियां चल रही है।

जालोर संवाददाता के अनुसार : जालोर शहर सहित जिलेभर में श्रावण मास के तीसरे सोमवार को भगवान शिव के मंदिरो में भक्तो की भीड नजर आई वही शिवालय ओम नमो शिवाय व बम बम भोले के जयकारे गुंजायमान रहे।

जालोर में श्रावण मास के तीसरे सोमवार को लेकर काफी उत्साह देखा गया। भक्तो ने भगवान शिव के दर्शन कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। भैरुनाथ अखाडा, बागेश्वर महादेव मंदिर, बैधनाथ महादेव मंदिर, गोगेश्वर महादेव, सुरेश्वर महादेव मंदिर सहित समस्त शिव मंदिरो में दिनभर भक्तो का रेला लगा रहा। वही भक्तो ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक आदि कर पुष्प अर्पित कर भगवान शिव को रिझाने का प्रयास किया। लेटा मठ, भैसवाडा, जागनाथ महादेव मंदिर, बिशनगढ स्थित कैलाश धाम, स्वरुपपुरा महादेव मंदिर सहित आस पास के समस्त शिव मंदिरो में भक्तो की रेलमपेल लगी रही। सिरे मंदिर धाम पर भीड़ से मेला जैसा माहौल नजर आया। भक्तों ने सिरे मंदिर धाम पर यज्ञ व अभिषेक कर भगवान शिव की उपासना का व प्रसादी ग्रहण की

सायला संवाददाता के अनुसार: सायला क्षेत्रभर में श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। सायला के निम्बोरानाथ महादेव मंदिर में सवेरे शिवलिंग का बिल्व पत्रों व रंग बिरंगी फूल मालाओं से विशेष श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओ ने शिवलिंग पर जल व दुग्ध से अभिषेक किया तथा पूजा अर्चना की। महिलाओ ने श्रावण माह की कथा का श्रवण किया। दुदेश्वर महादेव मठ वालेरा में स्थित मंदिर में महंत पारस भारती के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक सहित पूजा अर्चना कर आरती की गई। साथ ही क्षेत्रभर से आए श्रद्धालुओ ने मंदिर व ब्रह्मलीन महन्त सूजा भारती महाराज की समाधि पर प्रसादी का भोग लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। मठ में स्थानीय भजन कलाकारों ने शिव पार्वती सहित धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर लाभार्थी परिवार की ओर से प्रसादी का आयोजन किया गया। मठ के बाहर सजी हाट बाजार से महिलाओ ने घरेलू सामान व किसानों ने कृषि के औजार की खरीददारी की।

शबरी माता मंदिर के लिए बिबलसर में भूमि पूजन

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के निकट बिबलसर ग्राम में सोमवार को भील समाज की ओर से स्नेह की प्रतिमूर्ति शबरी माता मंदिर के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम किया।

भील समाज के मनोहर राणा ने बताया कि शबरी माता मदिर के भूमि पुजन को लेकर समाज के लोगों ने शबरी माता के जयकारे लगाते हुए विधि विधान से कार्यक्रम पूर्ण किया।

इस अवसर पर भील समाज युवा संगठन के जिला अध्यक्ष मनोहर राणा ने बताया कि भील समाज सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है, महाभारत एवं रामायण काल मे भी भील समाज की कर्तव्य निष्ठा स्वामी भक्ति एवं अध्यात्म एवं सत्ता में भागीदारी सहित पराक्रम के अनेक उदाहरण मिलते हैं।

इस अवसर पर समाज के प्रमुख लोगों सहित कई लोग उपस्थित रहे।

वही जालोर जिले के रामसीन के रामदेव मंदिर के पुजारी हरिराम दास ने एक पेड मां के नाम का सार एक प्रतीकात्मक भाव है-अपनी मां के नाम पर एक पेड लगाना। यह सरल कार्य दोहरा उद्देश्य पूरा करता है- जीवन के पोषण में माताओं की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान। पेड जीवनदायी होते हैं, और एक मां की तरह, वे अगली पीढी को पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। जालोर भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मनोहर राणा, सटाराम सोमाराम, वचनाराम, बेहराम, राणाराम, प्रतापराम, मांगीलाल, मायाराम, जावरा राम, धनाराम, कपूराराम व 24 गांव के पंच पटेल उपस्थित थे।

लोगों ने जागरूकता से जर्जर भवन तलाशे

धोरीमन्ना, (निसं)। धोरीमना निकटवर्ती खाराडेर ग्राम पंचायत ओगाला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे कई प्रकार की समस्याओं को देखते हुए ग्रामीणों को निरीक्षण करने के दौरान 11 कक्षा कक्ष में से सात कक्षा कक्षाओं की स्थिति जर्जर अवस्था में पाई। बैठने योग्य नहीं है तथा चार दिवारी क्षतिग्रस्त टूटी हुई पाई गईं अनुउपयोगी शौचालय जिनकी संख्या दो है, यह गिराने योग्य है तथा सात कक्षा कक्ष में से एक गिराने योग्य है। साथ ही विद्यालय में पानी का टांका भी जर्जर अवस्था में है। विद्यालय के पास आंगनबाड़ी के भवन भी जर्जर हैं। चार दिवारी भी जगह-जगह से टूटी मिली। स्कूल के अंदर गंदगी व बबूलो से चारों तरफ गिरी हुई हैं आंगनबाडी का ही यही हाल है विद्यालय व आंगनबाडी की कोई देखरेख नहीं हैं।

अभिभावक व ग्रामीणों ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस गंभीर समस्याओं को तुरंत प्रभाव से अमल करने की आवश्यकता है। ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि विद्यालय की चारदीवारी कई समय से क्षतिग्रस्त व टूटी हुई पडी है। कई बार शिकायतें की लेकिन सुनने वाला कोई नहीं हैं उदाराम सारण ने कहा कि विद्यालय के जर्जर भवनों को जल्दी ठीक करवाया जाए। कक्ष कक्षाओं के अंदर बच्चे बैठने योग्य नहीं है। इस प्रकार विद्यालय की हालत रही तो बच्चों को स्कूल में नहीं भेजा जाएगा।

अध्यापक रामकेश मीणा ने बताया कि बूंदाबांदी बारिश होने से विद्यालय के कक्षा कक्षाओं मे पानी भर जाते है। दरिया भीग जाती है। छात्र छात्रों को छुट्टी करनी पड रही है। बारिश के समय परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अनिल कुमार अध्यापक मनोज सिंह अध्यापक. हरिश चन्द अध्यापक. रूघाराम अध्यापक. छात्र मुकेश कुमार अर्पित विश्नोई उपस्थित रहे।

कथावाचक के समर्थन में जालोर पहुंची ईश्वरीनंद गिरी

जालोर, (कासं)। जालोर में कथावाचक अभयदास को लेकर मामला कई दिनों से गर्माया हुआ है। सोमवार को कथावाचक के बिना पुलिस की अनुमति के ही जालोर पहुंचने की जिद के चलते कथावाचक जालोर पहुंचे तथा अपने किसी एक भक्त के घर रहकर चातुर्मास करने की बात कही। वहीं कथावाचक के समर्थन में मेवाड़ की महामण्डलेश्वर ईश्वरीनंद गिरी पहुंची तथा लोगों को शांति बनाये रखने की अपील की।

जालोर में कथावाचक अभयदास के जालोर में ही चातुर्मास कर कथा करने की जिद के चलते पुलिस व प्रशासन सतर्क रहने के बावजूद बिना प्रशासनिक अनुमति के कथावाचक द्वारा सोमवार को जालोर में प्रवेश किया गया। कथावाचक ने कहा कि जालोर में किसी भक्त के घर रहकर चातुर्मास करने के लिए पुलिस व प्रशासन मुझे नहीं रोक सकती हैं। मैं जालोर में चातुर्मास करने का संकल्प लेकर आया हूं तथा एक साधु अपने संकल्प को पूरा करता है। पुलिस व प्रशासन भी सहयोग करे। कथावाचक के जालोर आने की सूचना पर पुलिस का जाब्ता तखतगढ जालोर मार्ग पर तैनात किया गया। वहीं तखतगढ़ से जालोर आने वालों रास्ते पर पुलिस तैनात की गई, लेकिन कथावाचक फिर भी जालोर में प्रवेश कर गये। जिसकी भनक तक पुलिस को भी नही लगी। वहीं एक भक्त के घर पहुंचकर सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो जारी कर बताया कि वह अपने भक्त के घर रहकर चातुर्मास का संकल्प जालोर में पूरा करेंगे। उन्हें किसी भक्त के घर रहने से कोई नहीं रोक सकता है।

महामंडलेश्वर ईश्वरीनंद गिरी कथावाचक के समर्थन में जालोर पहुंची तथा पहले कलैक्टर व एसपी से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी हासिल की। इसके बाद राजेन्द्र नगर स्थित जागनाथ महादेव मंदिर पहुंची, जहां उपस्थित महिलाओं व लोगों को उद्‌बोधन देते हुए कहा कि कथावाचक अभयदास को चातुर्मास करने से कोई नहीं रोक सकता है, लेकिन कथा तो कभी हम करवा सकते हैं। इसके लिए आप लोगों को शांति बनाये रखना है। हम सभी हिन्दू मुस्लिम एक है तथा आपस में हमें किसी प्रकार से विवाद नहीं करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को कहा कि कथावाचक अभयदास जालोर में ही चातुर्मास करेंगे। इसके लिए हम सभी साथ है। हमें शांति बनाये रखना है तथा किसी प्रकार से वैमनस्य नहीं फैलाना है। थोड़ा वे झुके तो थोड़ा कथावाचक झुके, तभी हर कार्य सफल हो सकता है।

सम्मान किया

जालोर, (कासं)। राज्य की महिला जूनियर हॉकी टीम को जालोर हॉकी के अध्यक्ष लाल सिंह गोविन्दला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व विदाई समारोह सोमवार को जालोर रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया।

हॉकी इंडिया और हॉकी आंध्रप्रदेश के तत्वावधान में काकीनाडा में 1 से 12 अगस्त तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करने जा रही महिला हॉकी टीम के खिलाड़ियों का बहुमान (सम्मान) किया।

टीम में गोलकीपर खुशी कप्तान साक्षी शर्मा (टेकिंग सेंटर हॉफ) वाइस कप्तान कंचन (फुल बेक) मनीषा यादव (लेफ्ट हॉफ) अंजना (फुल बेक) गायत्री (राइट आउट) प्रिया (राइट हॉफ) लक्ष्मी (डिफेंडिंग सेंटर हॉफ) पिंकी चौधरी (लेफ्ट आउट) रुचि (राइट इन) महक (लेफ्ट एन) खुशी यादव एलिजा हसन महिमा चौधरी कृष्णा यशस्वी सानिया पूजा (गोलकीपर) है। कोच रंजी स्मिथ, मैनेजर निकिता कुमारी हैं।

लूणी नदी से सिविल डिफेंस टीम ने शव बाहर निकाला

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा के निकट समदडी कस्बे के पास बह रही लूणी नदी में रविवार को एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने शव को पानी में बहते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पानी का बहाव तेज और नदी की गहराई अधिक होने के कारण शव तक पहुंचना आसान नहीं था।

प्रारंभिक जांच ड्रोन कैमरे की मदद से की गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए समदडी तहसीलदार श्री मान शैतान सिंह ने बालोतरा के तैराक टीम को शव की जानकारी दी जिस पर श्री मान उप खंड अधिकारी अशोक विश्नोई ने बालोतरा सिविल डिफेंस के गोताखोर जनक माली मय टीम को आदेश देकर रवाना किया।

शैतान सिंह तहसीलदार ओर थानाधिकारी ओम प्रकाश के मार्गदर्शन में गोताखोर ने बडी मशक्कत और जोखिम के बीच लूणी नदी से शव को बाहर निकाला ।

टीम में सिविल डिफेंस के जनकमाली, सीताराम गहलोत, विकास परिहार, राकेश कुमार, मुकेश माली, उत्तमसिंह, ओमप्रकाश, सागर सिंह, महेंद्र सिंह, निम्बसिंह व गिरधारी माली शामिल थे, जिन्होंने साहसिकता का परिचय देते हुए यह कठिन कार्य सफलता पूर्वक पूरा किया।

समीक्षा बैठक आयोजित

पाली,(नि.सं.)। जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. बजरंग सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने जल भराव क्षेत्रों में पानी निकासी, जर्जर सरकारी भवनों व विद्यालयों, परशुराम मेला, रामदेवरा जातरूओं यात्रा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने यूआईटी व नगर निगम व साथ ही अन्य अधिकारियों से भी जानकारी लेकर जल भराव क्षेत्रों से जल निकासी के लिये निर्देश दिये।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारी को बच्चों को ड्रेनेज अथवा खतरा होने वाले स्थानों पर बच्चों को नहीं बिठाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही सर्वे करवाते हुए रिपोर्ट कमेटी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

खर्रा ने दिए संकेत, निकाय चुनाव दिसंबर में हो सकते हैं

जोधपुर, (कासं)। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जोधपुर प्रवास के दौरान संकेत दिए कि राज्य में दिसंबर माह में निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं। कुल 312 नगर निकायों में से 307 का परिसीमन कार्य पूर्ण हो चुका है और जल्द ही उनका नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। शेष पांच निकायों के मामले न्यायालय में लंबित हैं, जिनमें भी निर्णय आते ही पुनः परिसीमन कर नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद राज्य सरकार निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची तैयार करने का अनुरोध करेगी, जिसकी प्रक्रिया अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है।

उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि यदि निर्वाचन आयोग की सुविधा अनुसार संभव हो तो दिसंबर में एक राज्य, एक चुनाव की तर्ज पर सभी 312 निकायों के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। यदि आयोग को मैनपावर या अन्य संसाधनों की कमी हुई, तो तिथियां समायोजित कर दी जाएंगी। मंत्री खर्रा ने जोधपुर सहित पूरे प्रदेश में बारिश से सड़कों के खराब होने की स्थिति को स्वीकारते हुए कहा कि तात्कालिक रूप से खड्डे भरने के निर्देश सभी निकायों को दिए गए हैं। बरसात के बाद मरम्मत व आवश्यकतानुसार नए निर्माण कराए जाएंगे। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि इस बार भी राजस्थान में खूब बारिश हो रही हैं। ऐसे में सड़कें टूट रही है। शुरुआत में सभी निकायों व सार्वजनिक निर्माण को सभी गड्ढे भरने के निर्देश दिए। बारिश बंद होने के बाद मरम्मत या पुनर्निर्माण की जरूरत पड़ने पर विचार किया जाएगा।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूलों के रखरखाव, निर्माण का काम देखने वाले इंजीनियर भी स्कूलों की स्थिति के मामले में जांच के दायरे में आएंगे। झालावाड़ में हादसे में जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी को निलंबित किया गया। अब इस जांच का दायरा सर्व शिक्षा अभियान की ओर बढ़ गया, जो भी इंजीनियर जांच में दोषी मिलेगा, उस पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि गत समय की कमियां दूर की जाएगी। ऐसे मामलों में कोताही नहीं बरती जाएगी। सीएम ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए न केवल स्कूल बल्कि अस्पताल, पटवार घर व अन्य सरकारी भवनों की समीक्षा पांच दिन में करने के निर्देश दिए हैं।

ओसियां-जोधपुर रोड पर बोलेरो पलटी, 15 से ज्यादा लोग घायल

- नामकरण समारोह में जा रहे 15 से अधिक लोग घायल हो गए। महिलाएं और छोटे बच्चों की हालत गंभीर

जोधपुर, (कासं) । निकटवर्ती ओसियां-जोधपुर रोड पर सोमवार को एक बोलेरो पलट गई, जिससे नामकरण समारोह में जा रहे 15 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और छोटे बच्चों की हालत विशेष रूप से गंभीर बताई गई है। ओसियां के सरकारी हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जोधपुर के एमडीएम अस्पताल लाया गया है।

पड़ियाल गांव के निवासी बोलेरो गाड़ी में सवार होकर भवाद गांव में एक बच्चे के नामकरण समारोह में जा रहे थे। रास्ते में बोलेरो अनियंत्रित होकर अचानक पलट गई, जिससे वाहन में बैठे सभी लोगों को चोटें आईं।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि गाड़ी पलटते ही मौके पर अफरातफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मदद के लिए पहुंचे। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से ओसियां के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कई गंभीर घायलोंखासतौर पर महिलाओं और 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चोंको जोधपुर रेफर किया गया।

हादसे की खबर मिलते ही ओसियां थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रेस्क्यू कार्य में ग्रामीणों का सहयोग किया और गाड़ी में सवार लोगों की संख्या एवं हादसे के कारणों की जांच शुरू की। प्रारंभिक अनुमान यह है कि चालक के नियंत्रण खोने या संभवतः झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई।

'कहने को डबल इंजन की सरकार, लेकिन दोनों इंजन विपरीत दिशा में'

जालोर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालौर की बैठक जिला प्रभारी सुमन यादव के मुख्य आतिथ्य, वैभव गहलोत, पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, पूर्व मंत्री पुखराज पाराशर के विशिष्ट आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में सोमवार को राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संगठन जिला प्रभारी सुमन यादव ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बने लगभग 2 वर्ष पूरे होने वाले हैं लेकिन सरकार अपनी एक भी उपलब्धि जनता को नही बता पा रही हैं, क्योंकि 2 वर्षो में भाजपा ने केवल पुरवर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नाम बदलने का ही कार्य किया है। कहने को डबल इंजन की सरकार हैं लेकिन दोनों इंजन विपरीत दिशा में काम कर रहे है जिससे आमजन को समस्याओं का सामना करना पड रहा।

उन्होंने जिले के समस्त कांग्रेसजन को एकजुट होकर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा चिकित्सा की स्तिथि बदतर, अपराध में भयंकर बढोतरी हुई हैं। प्रदेश में अपराध बढ रहे हैं कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट सी हो गयी हैं। सरकार परिसीमन के नाम पर नगरीय निकायों एवम पंचायत चुनाव को टालने का प्रयास कर रही हैं।

पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई ने कहा कि कांग्रेस राज में हमे सांचोर जिले के रूप में बडी सौगात मिली थी लेकिन भाजपा राज ने बिना कोई ठोस कारण सांचौर को जिला निरस्त कर दिया जिससे 150 से 200 किलोमीटर बैठे व्यक्तियो को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी कांग्रेसजन कमजोर नही है विपक्ष में विरोध प्रदर्शन, धरना आंदोलन आदि करके भी आमजन की समस्याओं का निस्तारण करवाएंगे।

पूर्व अध्यक्ष जन अभियोग निराकरण समिति पुखराज पाराशर ने कहा कि जिले सहित प्रदेश में बिगडती कानून व्यवस्था से अपराधी में भय खत्म हो गया है।प्रदेश में बलात्कार,लूट,बजरी माफिया का आतंक बढ रहा है। सरकार अपराध पर लगाम कसने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। पुरवर्ती कांग्रेस सरकार में जालोर को कई ऐतिहासिक सौगाते मिली थी लेकिन राज बदलने पर भाजपा सरकार ने उन सभी जनहित के कार्यो को रोकने का कार्य किया है जिससे आमजन को परेशानी उठानी पड रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार स्मार्ट बिजली मीटर लगाकर बिजली उपभोक्ताओं के साथ अन्याय कर रही हैं।

जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल ने कहा कि प्रदेश में बिजली, पानी, सडक आदि की जनहित समस्याओं पर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही हैं जिससे प्रदेश वासी त्रस्त एवम व्याकुल हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को परिसीमन के नाम पर बार-बार टाला जा रहा है।

बैठक को वैभव गहलोत, प्रदेश सचिव हरीश परिहार, पीसीसी द्वारा नियुक्त भीनमाल प्रभारी श्रवण पटेल, सरोज चौधरी, जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, पूर्व विधायक हीरालाल विश्नोई, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, प्रदेश महासचिव उम सिंह राठौड ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात समस्त कांग्रेसजन एकजुट होकर राजीव गांधी भवन से कलेक्टर कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी जालोर द्वारा बिगडती कानून व्यवस्था, बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध, पंचायती राज व नगर निकाय चुनावों में देरी सहित जिले स्थानीय जनहित मुद्दों को लेकर राज्य सरकार के प्रति विरोध करते हुए राज्यपाल महोदय राजस्थान के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर जालौर को सौपा।

बैठक में प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, प्रदेश सचिव शहजाद अली, आहोर प्रधान संतोष कंवर,संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी, जिला उपाध्यक्ष ईशराराम विश्नोई, जुल्फिकार अली, कल्याण सिंह बोकडा, ममता जैन, भरत सराधना, जितेन्द्र कसाना, भोमाराम मेघवाल, सवाई सिंह चंपावत,मुमताज अली, गलबराम मीणा, शेलष देवासी, महिला जिलाध्यक्ष शोभा सुंदेशा,युवा जिलाध्यक्ष दीपक मेघवाल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुष्मिता गर्ग शीला चौधरी, जुबैदा बानो, गीता कानाराम सिंघल सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

स्टील का टुकड़ा सीने में घुसा, मौत

जोधपुर, (कासं) । बासनी औद्योगिक क्षेत्र में एक स्टील फैक्ट्री में काम करते श्रमिक घायल हो गया। उसके सीने में स्टील का टुकड़ा लगा। जिस पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसकी मौत हो गई।

बासनी पुलिस ने बताया कि मूलतः भोजपुर बिहार हाल मधुबन हाउसिंग बोर्ड निवासी ममता देवी ने बताया कि उसका पति 35 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र गोरख शर्मा बासनी द्वितीय फेज में एक स्टील फैक्ट्री में काम करता था। फैक्ट्री में काम करते समय घटना घटी।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना
उक्त के संदर्भ में स्टेशन पर कैटरिंग के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलोग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किये जा चुके है। **कार्य का नामः** जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कैटरिंग के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन, **कार्य की अवधिः कैटरिंगः**- 5 वर्ष, **लोट के ई-ऑक्शन प्रारंभ की तिथि व समयः** दिनांकः-05.08.2025 समयः- 12:00 बजे से, **स्टेशनः** सुजानगढ़, **PF:** 1, **स्थानः** Center of Platform, **श्रेणीः** GMU-General (W), **स्टेशनः** सुजानगढ़, **PF:** 1, **स्थानः** Toward RTGH end, **श्रेणीः** GMU-General (N), **स्टेशनः** नागौर, **PF:** 2, **स्थानः** on MTD side (2nd from MTD end), **श्रेणीः** SMU-ST (N), **स्टेशनः** नोखा, **PF:** 1, **स्थानः** on BKN Side (1st from BKN end), **श्रेणीः** SMU-SC (N), **स्टेशनः** जालौर, **PF:** 1, **स्थानः** At Center of platform & near station building, **श्रेणीः** SMU-OBC (N).
927-PS/25
हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें